N.25: राराप्रप्रौके में राजभाषा गतिविधियाँ : जनवरी–जून, 2019

राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र में इस वर्ष 14 जनवरी, 2019 को संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण किया गया, जिसमें राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र में हो रही हिंदी गतिविधियों एवं हिंदी प्रगामी प्रयोग की समीक्षा की गई। संसदीय समिति की ओर से दिल्ली से पधारे माननीय श्री सत्यनारायण जटिया, सांसद राज्यसभा, श्रीमती कांता कर्दम, सांसद लोकसभा एवं उनकी टीम उपस्थित थी। इस केन्द्र से निदेशक डॉ. प्रसाद नाईक, प.ऊ.वि. मुंबई से पधारे श्री ए.आर. सुले, संयुक्त सचिव एवं अध्यक्ष, राभाकास, प.ऊ.वि. मुंबई, श्री पुरूषोत्तम श्रीवास्तव, सह निदेशक, पीएजी, श्री अचलेश्वर सिंह, संयुक्त निदेशक (राभा), प.ऊ.वि. मुंबई, श्रीमती शैलजा प्रकासम, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, श्री ए.वी. सुब्रहमण्येस्वरुडु, उपलेखा नियंत्रक, श्री मनोज कुमार शर्मा, उपनिदेशक (राभा), सुश्री गीता राजपूत, कनिष्ठ हिंदी अनुवादक उपस्थित थे। समिति ने सुझाव दिया कि इस केन्द्र में हिंदी प्रगामी प्रयोग को बढ़ाकर 100% किया जाए। इस पर निदेशक महोदय ने आगामी छः माह में 100% का लक्ष्य पूरा करने का आश्वासन दिया।

संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण के बाद दिनांक 15 जनवरी, 2019 को श्री अचलेश्वर सिंह, संयुक्त निदेशक (राभा), प.ऊ.वि., मुंबई ने संसदीय राजभाषा प्रश्नावली संबंधी विभिन्न प्रश्नों के उत्तर, विभिन्न आंकड़ों को भरने तथा विभिन्न उत्तरदायित्वों के बारे में एक व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें इस केन्द्र के निदेशक सहित सभी वर्ग निदेशक, सह निदेशक प्रभाग/अनुभाग/ प्रयोगशालाओं के प्रमुख उपस्थित थे। इस कार्यशाला में राजभाषा नीति नियमों एवं संसदीय प्रश्नावली संबंधी विभिन्न प्रश्नों का समाधान किया गया।

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण के दौरान राराप्रप्रौके में प्रकाशित पत्र–पत्रिकाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए समिति के अध्यक्ष माननीय श्री सत्यनारायण जटिया, सांसद राज्यसभा।

दिनांक 05 मार्च, 2019 को श्री मनोज कुमार शर्मा, उपनिदेशक (राभा) ने प्रतिमाह संसदीय समिति को हिंदी प्रगामी कार्य की भेजी जानी वाली रिपोर्ट एवं तिमाही रिपोर्ट को भरे जाने के संबंध में जानकारी दी, जिसमें रिपोर्ट भरने वाले संबंधित सहायकों के अलावा प्रभाग/अनुभाग/प्रयोगशालाओं के प्रमुखों को मिलाकर कुल 120 प्रतिभागी उपस्थित थे।

दिनांक 15 मार्च, 2019 को प्रशासन भवन में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी की अध्यक्षता में प्रशासन/लेखा अनुभागों के अधिकारियों सहित रिपोर्ट भरने वाले सभी संबंधित सहायक भी उपस्थित थे, जिन्हें उपनिदेशक (राभा) ने रिपोर्ट भरने संबंधी विभिन्न जानकारी एवं आंकड़ों को भरे जाने की जानकारी प्रदान की। इस अवधि में निदेशक की अध्यक्षता में दिनांक 14 मार्च एवं 24 जून 2019 को राभाकास बैठक का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी वर्ग निदेशक सहित मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, उप लेखा नियंत्रक, प्रमुख, सिविल अनुभाग, प्रमुख, कम्प्यूटर प्रभाग, क्षेत्रीय निदेशक, आईआरपीएसयू तथा उपनिदेशक (राभा) भी उपस्थित थे। बैठकों में संसदीय राजभाषा समिति को दिए गए आश्वासनों के बारे में चर्चा की गई, जिसमें 30 जून, 2019 तक 100% लक्ष्य प्राप्त किया जाना अपेक्षित था।

दिनांक 26 फरवरी, 2019 को नगर राजभाषा कार्यान्यिवन समिति की बैठक आयकर आयुक्त कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें श्री एस.सी. जोशी, निदेशक, पी.ए.जी. तथा उपनिदेशक (राभा) ने भाग लिया।

प्रस्तुति :
मनोज कुमार शर्मा (manojsharma@rrcat.gov.in)